अनुबंध-I

| | | |
|---|---|---|
| 1. पद का नाम | : | जिल्द सहायक |
| 2. रिक्ति की संख्या | : | एक (01) |
| 3. वर्गीकरण | : | सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह-'ग', (प्रशिक्षित), अननुसचिवीय, अराजपत्रित |
| 4. मंत्रालय/विभाग | : | वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग |
| 5. वेतनमान | : | वेतन मैट्रिक्स में लेवल-2 (रु.19900-63200) [पूर्व संशोधित-रु.1900 के ग्रेड वेतन के साथ रु. 5200-20200 का वेतन बैंड-1] |
| 6. भर्ती की पद्धति | : | प्रतिनियुक्ति/आमेलन |
| 7. पात्रता शर्तें | : | |

**प्रतिनियुक्ति**
**केंद्र सरकार के अधिकारी:**

(क) (i) नियमित आधार पर सदृश पद धारण करने वाले; **अथवा**
(ii) रु. 1800 के ग्रेड वेतन के साथ वेतन बैंड-1 (रु.5200-20200) में तीन साल की नियमित सेवा अथवा समकक्ष; **और**

(ख) नीचे दी गई योग्यता एवं अनुभव रखते हुए, आर्थिक कार्य विभाग के बजट प्रभाग द्वारा आयोजित किए जाने वाले एक **ट्रेड टेस्ट पास करने के अध्यधीन है।**

अनिवार्य:

(क) (i) मान्यता प्राप्त संस्थान या बोर्ड से मैट्रिक या इसके समकक्ष; **और**
(ii) प्रशिक्षु अधिनियम, 1961 (1961 का 52) के अंतर्गत की गई ट्रेड में शिक्षुता को सफलतापूर्वक पूरा करने का प्रमाणपत्र;

अथवा

(ख) (i) मान्यता प्राप्त संस्थान या बोर्ड से 12वीं पास या इसके समकक्ष; **और**
(ii) प्रतिष्ठित प्रेस में जिल्द सहायक के रूप में एक वर्ष का अनुभव।

